डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | वैशाख शुक्ल पक्ष 14- 2082 | भोपाल,दिन बुधवार, दिनांक 29 अप्रैल ,2026

न्यूज गैलरी

जयपुर में जीआईटीबी . . . एमपी टूरिज्म को स्लीपिंग टूरिज्म डेस्टीनेशनश अवार्ड

भोपाल। जयपुर में द्वेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) 2026 के दौरान एमपी टूरिज्म को स्लीपिंग टूरिज्म डेस्टीनेशन पुरस्कार मिला। यह सम्मान किस्सी की ओर से, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और राजस्थान पर्यटन के सहयोग से आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के दूसरे संस्करण में दिया गया। पुरस्कार अतिरिक्त प्रबंध संचालक डॉ. अन्य अवधिर बेडेकर ने ग्रहण किया।

भोजशाला मामले में हाई कोर्ट में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति

भोपाल। भोजशाला–कमाल मौला मस्जिद विवाद में हाई कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष की दो जनहित याचिकाओं पर आपत्ति जताई। बुधवार अधिवक्ता शोभा मेनन ने कहा कि याचिकाओं में पूजा अधिकार के साथ मातृभूमि का हक भी मांग की गई है, जिसका फैसला दीवानी अदालत में होना चाहिए। एएसआई ने वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट सौंपी, जबकि याचिकाकर्ता गोविंद राम मिश्रा कोर्ट में जवाब दी। मामले की सुनवाई को फिर सूचीबद्ध होगी।

डीजल लीक के बाद बस में ब्लास्ट, 40 यात्री बचे

भोपाल। देवास–भोपाल हाईवे पर मेघोरिया के पास डीजल लीक की चेतावनी के बावजूद चालक ने बस नहीं रोकी। कुछ देर बाद बस के पिछले हिस्से में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। करीब 40 यात्रियों ने खिड़कियों के कांच तोड़कर कूदकर जान बचाई। हादसे में एक युवक घायल हुआ। पुलिस ने ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया है।

शराब दुकानों पर क्यूआर कोड अनिवार्य, रोज चेकिंग रोज चौकर

भोपाल। प्रदेश की शराब दुकानों पर अधिक दाम वसूली और के लेन पर रोक के लिए जानकारी उत्सवपन विभाग ने हर दुकान पर ई–जानकारी पोर्टल से जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य किया है। जानकारी आयुक्त दीपक सक्सेना के अनुसार कई जिलों में एनआरसी से ज्यादा और प्रतिलिपियों में एमएसपी से कम पर बिक्री की शिकायतें मिलीं। अब उपभोक्ता क्यूआर कोड स्कैन कर अपने मोबाइल पर जिले की रेट लिस्ट देखकर मोल पर ही दरों का मिलान कर सकेंगे।

खदान में डूबने से भाई–बहन की मौत

भोपाल। भोपाल के पचपलिया थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय युवराज और 15 वर्षीय भावती की खदान में डूबने से मौत हो गई। दोनों जिले में भाई–बहन थे। गर्मी की छुट्टियों में युवराज अपनी बुआ के घर आया था। खेलते समय उसका पैर फिसला और वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए भावती कूदी, लेकिन तैरना नहीं आने से वह भी डूब गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

फीनिक्स गैस एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड

भोपाल। भोपाल के जेके रोड स्थित फीनिक्स एजेंसीज एलपीजी गैस एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। इससे जुड़े करीब 18 हजार उपभोक्ताओं को अब आसपास की अन्य गैस एजेंसियों से सिलेंडर मिलेंगे। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं

सामाजिक राजा हिरदेशाह लोधी की 168 वीं पुण्यतिथि: भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की

मप्र के लोग अब सिलेबस में पढ़ेंगे राजा हिरदेशाह लोधी की जीवन यात्रा भी

सीएम ने कहा कि राजा हिरदेशाह ने बुंदेलखंड के बुंदेला और आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजों के समाने आंदोलन शुरू किया था। राज्य सरकार उनके संघर्ष पर शोध कराएगी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र के लोग अब राजा हिरदेशाह लोधी के बारे में न केवल पढ़ेंगे, बल्कि उनकी जीवन यात्रा भी देखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजा हिरदेशाह लोधी को पाठ्यक्रम में शामिल कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नर्मदा के किनारे हिरापुर में राजा हिरदेशाह के नाम से तीर्थ स्थल का भी निर्माण कराएंगे। राज्य सरकार प्रदेश की विरासत और महान हस्तियों के सम्मान में निरंतर गतिविधियां संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई के नाम पर सागर में राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव

राजा हिरदेशाह लोधी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा

अखंड भारत के निर्माण का संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित बाबा गुरु ने कहा कि यह राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। स्वाधीनता आंदोलन में पहली क्रांति 1857 में नहीं, बल्कि नर्मदा के तट पर 1842 में शुरू हुई थी। राजा हिरदेशाह ने इसका नेतृत्व किया और अपना बलिदान दिया। इस आयोजन में जहां गौरव है, वहीं धर्म भी है।

अमूल्य है राजा हिरदेशाह का योगदान पटेल

संसदीय एवं शासकीय निकाय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि राजा हिरदेशाह ने वर्ष 1842 से वर्ष 1850 तक अंग्रेजों विरुद्ध युद्धरत के विद्रोह संघर्ष जारी रखा। लोधी समाज सामर्थ्यवान है। इस समाज के संस्कारों ने देश की रक्षा के लिए पुरुषार्थ से लोहा लिया। समाज के युवाओं को सशक्त, शिक्षित, निर्भय और संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। इसका संकल्प समाज के साथ है।

अब ओबीसी के छात्रों को भी मिलेंगे 10 हजार रुपए महीना

मप्र कैबिनेट ने एससी एसटी के बाद ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के छात्रों को भी दिल्ली में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 10 हजार रुपए प्रति महीने का प्रोत्साहन देगी। योजना का लाभ लेने के लिए उक्त छात्र को अभ्यर्थियों को वार्षिक आय सीमा छह लाख है। कैबिनेट की बैठक में विद्यार्थी छात्र मूल योजना के संचालन को मंजूरी दी गई। मप्र के रोपे प्रसाद 100 छात्रों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसमें 50 सीटें सामान्य और 50 सीटें सामान्यवर्ग छात्र के विद्यार्थियों के लिए तय की गई हैं। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई।

फर्जी दस्तावेजों से लोन–एलसी लेकर फंड डायवर्ट का मामला

58 करोड़ के बैंक फ्रॉड में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 7.76 करोड़ की संपत्ति अटैच

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

58 करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई करते हुए 7.76 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां अटैच की हैं। ये संपत्तियां इंदौर स्थित कंपनी एनर्जेटिक इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अब स्टीलटेक रिसोर्सेस लिमिटेड) के नाम पर दर्ज हैं। यह कार्रवाई 24 अप्रैल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। ईडी के अनुसार, इस घोटाले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से बड़ी रकम हासिल की गई और फिर उसे कई समूह कंपनियों में पुनःचक्र वापस मुख्य कंपनी में लाया गया। इस धन का उपयोग जमीन और अन्य अचल संपत्तियां खरीदने में किया गया। जांच एजेंसी का कहना है कि यह सारी लेनदेन का मामला है, जिसमें अवैध धन को पैदा दिखाने की कोशिश की गई। इससे पहले भी ईडी 10.15 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। ताजा कार्रवाई के बाद अब तक कुल 17.91 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं। ईडी ने यह जांच सीबीआई और एमपी भोपाल द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में यह भी सामने आया है कि कंपनी ने कुछ बैंक इंदौर से धोखाधड़ी कर 58 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाया। बैंक से प्राप्त रकम को समूह की अन्य कंपनियों में डायवर्ट किया गया। फिलहाल ईडी मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे चल कर दूसरे चरण में और संपत्तियां अटैच होने या अन्य आरोपियों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

रिटायर्ड सीएमओ की पत्नी से 8 करोड़ की ठगी,

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल हमीदिया अस्पताल के रिटायर्ड सीएमओ की पत्नी से करीब 8 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मिमलानी पुलिस ने नीरजा नगर निवासी 74 वर्षीय रंजना भरीन की शिकायत पर दिल्ली के वकील कुलदीप सिंह, एनआई पानी शरण, केनी लगुन सहित 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक 2024 में रंजना के बेटे पर 85 लाख रुपए की एफडी से जुड़ा मामला दर्ज हुआ था। इसी दौरान उनके भाई के परिचित वकील कुलदीप सिंह ने केस की पैरवी संभाली।

शिकायत में आरोप है कि कंपनी ने फीस के नाम पर हर महीने लाखों रुपए लिए और शिकायतों का कर निपटारा 17 लाख रुपए अलग से लेने। रंजना को दिल्ली बुलाकर सहमति दिखाने का झांसा दिया गया, लेकिन वरिष्ठ आरोपी पक्ष के नाम कर ली। 35 तोला सोना भी हड़पने का आरोप है। महिला का आरोप है कि 40 दिन तक दिल्ली में रखकर फेक और फर्जी के जरिए आर्थिक नियंत्रण शामिल किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आज 45 से अधिक क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

आज शहर के 45 से अधिक क्षेत्रों में बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते शटडाउन रहेगा। सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक के–सेक्टर, सागर एस्टेट, सागर कॉलोनी, खरदा कुंज और अभिनव कॉलोनी में बिजली बंद रहेगी। सुबह 8 से 10 बजे तक सतलिंग बोर्ड कॉलोनी, शिरीन कॉम्प्लेक्स, बादशाह और सत्तारिक अपार्टमेंट प्रभावित रहेंगे। सुबह 8 से 12 बजे तक मंजे तक एमईएन कॉलेज, खटनापुर, पुलिस क्वार्टर्स, ग्रीन इंस्टिट्यूट समेत कई इलाकों में सप्लाई बंद रहेगी। सुबह 9 से 2 बजे तक आईएसबीटी, कटारे पेट्रोल पंप, कस्तूरबा नगर, जबकि 9 से 1 बजे तक हरिनाला नगर, दुदास फॉर्म, नटराज कॉलोनी, सिम्पोयर एस–9 सहित कई क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी। सुबह 10 से 2 बजे तक रिजेंट टावर, सुरभि नगर और निरोज नगर प्रभावित रहेंगे।

सिक्योरिटी राशि लौटाने के नाम पर मांगी थी 5 लाख में सौदा तय... 2 लाख रिश्वत लेते ही ट्रैप हुआ

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

नगर परिषद गंधपुरा में निर्माण कार्यों की सिक्योरिटी निर्धारित रिलीज करने के नाम पर रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। लोकायुक्त भोपाल की टीम ने उपअभियंता दीनबंधु पटेरिया को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मामले में सहायक ग्रेड–2 शंकर साहू की संलिप्तता भी सामने आई है।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार भोपाल निवासी जयंत चतुर्वेदी की फर्म ने गंधपुरा में सीसी रोड का निर्माण किया था। काम होने के बाद सिक्योरिटी राशि लौटाने और अनुभव प्रमाण–पत्र के बदले अधिकारियों ने 5 लाख रुपए की मांग की थी। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त एसपी दुर्गेश ताहेर ने जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। मंगलवार को भोपाल के 6 नंबर हॉकर्स कॉर्नर, शासकीयालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के पास ट्रैप लगाया गया। यहां पटेरिया को चौथे की पहली किस्त के रूप में 2 लाख रुपए दिए गए, लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

पीएफ क्लेम अब होगा आसान

भोपाल। भोपाल में ईपीएफ के दायरे में आने वाले कर्मचारियों के लिए अब पीएफ क्लेम करना आसान हो गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नौकरी छोड़ने की तारीख (ग्रेट ऑफ एग्जिट) खुद अपडेट करने की सुविधा शुरू की है। इससे क्लेम अटकने की समस्या कम होगी। मेल कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित शिविर में करीब 190 कर्मचारियों और नियोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को

डीजल लीक पर नहीं रोकी बस, ब्लास्ट के बाद धधकी, 40 यात्री कूदकर बचे

डीआर संवाददाता॥ देवास

देवास–भोपाल हाईवे पर मेघोरिया के पास मंगलवार शाम 5 बजे लंबी यात्रा जान पर भारी पड़ने वाली थी। डीजल लीक की चेतावनी के बावजूद ड्राइवर ने सलिम बस नहीं रोकी। कुछ देर बाद पिछले हिस्से में ब्लास्ट हुआ और बस आग का गोला बन गई। करीब 40 यात्रियों ने खिड़कियों के कांच तोड़कर कूदकर जान बचाई। यात्रियों के मुताबिक बस से

काफी देर से डीजल की बदबू आ रही थी। चालक पर पिछले डीजल को देखकर यात्रीगणों ने भी इशारे किए, पर चालक ने नहीं सुना। हादसे में एक युवक घायल हुआ। ड्राइवर व कंडक्टर को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया गया है।

भोपाल में ट्रक रोककर हिंदू संगठनों ने लगाया जाम

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल के रायसेन रोड स्थित बिलखिरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार रात हिंदू संगठनों ने कथित तौर पर स्लीपर पेस्ट से बना मुर्गी–मछली का दाना ले जा रहे ट्रकों को रोककर जाम लगा दिया। कार्यकर्ताओं ने एक ट्रक चालक निकाल, जबकि दो अन्य ट्रकों के निकलने का दावा किया गया। आरोप है कि रसोंटर हाउस से निकले पेस्ट मटेरियल से दाना बनाकर बाहर भेजा जा रहा था, जिससे गोवंश से जुड़ा भावनात्मक होने की आशंका जताई गई।

सामग्रियों के चश्मदीदियों ने मौके पर पहुंचकर लोकिन रुकवाई और कीएमए जाच की मांग की। सर्वदलीय गोरक्षा अभियान समिति के प्रदेश अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि पहले भी प्रशासन से जांच और सीपीसीए की मांग की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि प्लांट परिसर में दाने से भरी बोरियां और थैली से भरे हुए रखे थे।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शशिशेखर तिवारी ने आरोप लगाया कि आंदोलन की जानकारी के बाद सामग्री तेजी से हटाई जा रही थी। जाम के चलते रायसेन हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। देर रात तक प्रशासन और संगठनों के बीच बातचीत जारी रही।

गर्मी के तेवर 22 जिलों में दो डिग्री तक गिरावट, भीषण गर्मी के साथ उमस व लू के थपेड़े

खजुराहो सबसे अधिक तपा, पारा 44.8 डिग्री भोपाल में 26 साल, बाद तापमान 43.6 पर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मंगलवार को भोपाल में 6 साल बाद पारा 43.6 डिग्री पर रहा, जिससे भीषण गर्मी महसूस की गई। यहां इससे पहले अप्रैल 30 अप्रैल 2019 को पारा 43.7 डिग्री रहा है। कुछ जिलों में दिन के तापमान में बढ़त रही, जबकि करीब 22 जिलों में पारा एक से दो डिग्री तक गिरा है। सर्वाधिक कमी नौगांव में 3. 5 डिग्री की रही। पारा 42 डिग्री पर रहा। इसके बावजूद प्रदेश में दिन के साथ रात में तेज गर्मी से राहत नहीं मिली है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 44.8 डिग्री रहा। यहां 1.2 डिग्री की कमी आई। इसके बावजूद प्रदेशभर में

एक दर्जन जिलों में गरज–चमक के साथ बौछारें अप्रैल के अंत तक बना रहेगा मौसम में बदलाव का दौर

भीषण गर्मी और लू का असर रहा। सोमवार से मंगलवार सुबह तक करीब एक दर्जन जिलों में गरज–चमक के साथ आंधी और बौछारों के बीच रात का पारा बढ़ा हुआ दर्ज हुआ है। इससे रात में भी तेज गर्मी–उमस महसूस की गई। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अप्रैल में मौसम ऐसा ही रहेगा। सोमवार से मंगलवार सुबह तक सिवनी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्नेश, सागर, पन्ना, कटनी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, सिवनी (ट्रेन) और सतना जिलों में कुछ देर आंधी के साथ बारिश–बौछारों का दौर रहा। सतना और पन्ना जिले में ओले गिरने की सूचना है, जबकि जबलपुर जिले में धूल भरी आंधी चली। भोपाल में बादलों का आना जाना रहा।

आज यहां गरज–चमक के साथ हीटवेव मंगलवार रात से

कुमवार सुबह तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सतना, दमोह, सागर जिलों में लू का अलर्ट है।

फोन पर दिखाया अच्छी क्वालिटी का मक्का, 8.95 लाख एडवांस लेकर जालसाज गोल

डीआर संवाददाता॥ राहतगढ़

मक्का बेचने का सौदा कर तीन जालसाजों ने भोपाल के एक व्यापारी से 8.95 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने फोन कर अच्छी क्वालिटी का मक्का होने का दावा किया और सैंपल भी दिखाए। व्यापारी ने मुंबई से पहिलिल को नमूने भेजा, जहां तीन ट्रकों में मक्का लगा दिखाया गया। व्यापारी ने बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। कोहेफिजा पुलिस के अनुसार क्रिएटल नगर, लालघाटी निवासी संजय शर्मा मालवा आरोपारी है। मार्च में उन्हें एक कॉल आया, जिसमें खुद को मक्का व्यापारी बताकर फोटो भेजी गई। सौदा तय होने पर संजय ने 8.95 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपियों ने तकनीकी कारण बताकर रकम वापस कर दूसरे खाते में भेजने को कहा। संजय ने दोबारा पैसे ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलते ही आरोपी सचिन, रमेश और सूरज मोबाइल बंद कर फरार हो गए। रकम मुंबई के एक खाते में ट्रांसफर कराकर महिला खातापरक ने निकालकर आरोपियों को दे दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख शुक्ल पक्ष 14- 2082 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 29 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

ओवरब्रिज पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

बुदनी। थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 5 बजे वार्ड 4 रेलवे ओवरब्रिज पर सड़क हादसा हुआ। ट्रक की टक्कर से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने गंभीर घायल युवक को ऑटो से नजदीकी सुखन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अमीश आदी (22) पिता परवेज आदी के रूप में हुई। पुलिस को मृतदेह, अमीश पठान के समक्ष अपने पिता को लेने जा रहा था। इसी दौरान नर्मदापुरम की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। अमीश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद वह सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। जांच जारी है।

ज्ञान भारतम् मिशन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

सीहोर। सीहोर में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत 16 मार्च से 15 जून तक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर उत्कर्षशील ने जिले में अभियान के सफल संचालन और "ज्ञान भारतम एप" पर जानकारी अपलोड कराने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की है। समिति में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है।

मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

सीहोर। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और जिला पंचायत सदस्यों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। कलेक्टर उत्कर्षशील ने प्रशिक्षण के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए हैं। प्रारूप मतदाता सूची 15 मई को प्रकाशित होगी, दावे-आपत्तियां 25 मई तक ली जाएंगी, जबकि निराकरण 30 मई तक होगा और अंतिम सूची 16 जून 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तरंग एलन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, वीवीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता और मुआवजा सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन दिए। अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।

पांडुलिपियों के लिए जिला स्तरीय समिति बनी

सीहोर। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने ज्ञान भारतम् मिशन के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण के लिए 16 मार्च से 15 जून तक विशेष अभियान शुरू किया है। समिति का काम पांडुलिपियों की जानकारी ज्ञान भारतम् एप पर अपलोड कराना है। कलक्टर कलेक्टर बालमुरुगन के अन्य अधिकारियों को सदस्य बनाया है।

किसान परेशान गेहूं उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का आलम, किसान परेशान

ओटीपी डालते ही साइड हो रही क्रैश, सर्वर ठप, बिलिंग रुकी

डीआर संवाददाता-सीहोर

जिले के गेहूं उपार्जन केंद्रों पर सर्वर और साइट में खराबी के चलते किसानों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेयरहाउस फुल हो चुकी हैं, लेकिन बिलिंग सर्वर डाउन होने से गेहूं का परिवहन नहीं हो पा रहा। घंटों पुराने बिल भी नहीं बन पा रहे, जिससे केंद्रों पर ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गई हैं।

साइट की धीमी गति बनी मुसीबत:

खरीदी केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक सिस्टम के सामने बैठे रहते हैं, लेकिन साइट नहीं चल रही।

ओटीपी लेकर आनी, ट्रॉली पेर में साइट बाहर कर देती है। रात को किसान कॉल भी नहीं उठाते, जैसे-जैसे ओटीपी लिया तो साइट क्रैश हो जाती है। एक ऑपरेटर ने बताया। बिल की संख्या घटने के बजाय लगातार बढ़ रही है।

वेयरहाउस फुल, परिवहन ठप

कई केंद्रों पर वेयरहाउस की क्षमता पूरी हो चुकी है। बिलिंग न होने से वहां रखा गेहूं निकाले तक नहीं बेचा जा सका। जगह खाली न होने से नई आवक भी रुक गई है। किसान 2-3 दिन से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ केंद्र के बाहर बिलिंग चालू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

किसानों ने की शासन से मांग

बिलिंग साइट और सर्वर में तुरंत सुधार कराया जाए ताकि पुराने बिल समय पर बन सकें।

वेयरहाउस से परिवहन तेज किया जाए जिससे जगह खाली हो।

गोदामों क्षमता बढ़ाने की स्वीकृति जल्द दी जाए।

ओटीपी की संख्या-सीमा बढ़ाई जाए या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

धूप में खड़े हैं। क्षमता बढ़ाने की पहल, पर स्वीकृति अटकी जिला प्रशासन द्वारा गोदामों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन शीर्ष स्तर से अब तक स्वीकृति नहीं मिली। इससे हालात और बिगड़ रहे हैं। बेमौसम बारिश की आशंका के चलते किसान डरे हुए हैं। खुले में रखा गेहूं भीग गया तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा।

किसानों जिला आपूर्ति अधिकारी रेवाराम चालीस का कहना है कि तकनीकी समस्या को मंत्रालय स्तर पर भेजा गया है।

इंदौर-भोपाल हाईवे पर वॉल्वो बस हादसा, हेल्पर की मौत, 4 यात्री घायल

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर जिले के आष्टा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुबह करीब 7:30 बजे इंदौर-भोपाल रोड पर ग्राम कमलारिया जोड़ के पास अहमदाबाद से भोपाल जा रही वर्मा वॉल्वो स्लीपर बस (GJ04 T 5358) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में उतर गई और पेड़ से टकरा गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस के सामने अचानक एक गाय आ गई। इसे बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे बस के ब्रेक विफल गए। टायर फिसलते हुए फट गए और बस अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई।

हादसे में चालक के पास आई पैसा उसका रिश्तेदार और हेल्पर सुनील मुकाती (उम्र वर्ष) बस में दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक महिला यात्री सहित तीन पुरुष यात्रियों को हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही कुमरेश्वर चौकी के तैनात महिला सेल प्रभारी दीपशिखा पूजा शर्मा, अस्पताल चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ठाकुर, थाना आष्टा से सहनि सुमन कटारे, सहनि जगदीश पूर्वे, आरक्षक शमेन्द्र मालवीय, आरक्षक शोभित और ट्रैफिक आरक्षक के एएसआई जोशी, खोरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से तत्काल सिविल अस्पताल सीहोर पहुंचाया। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। शेष यात्रियों को पुलिस की मदद से सुरक्षित अन्य साधनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

पार्वती रेसई डेम परियोजना के डूब क्षेत्र में चली गई जमीन, नहीं मिला मुआवजा फोन-पे हैक कर 1.96 लाख उड़ाए, शादी रुकी

डीआर संवाददाता-सीहोर

फोन-पे नंबर को 11 अप्रैल की सुबह हैक कर लिया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच साइबर ठगों ने अलग-अलग नंबर से पैसे

11 अप्रैल को सुबह 11:07 बजे 75 हजार रुपए निकाले गए। 11:09 से 11:30 के बीच पांच बार में एक-एक हजार रुपए निकाले गए। दोपहर 12-02 बजे 9 हजार रुपए निकाले गए। 12 अप्रैल को 12:08 बजे 95 हजार रुपए निकाले गए। कुल 1 लाख 96 हजार रुपए धोखाधड़ी से निकाल गए। यह घटना किसी विवाह की नहीं असर जिसकी की है। वार्ड-22 की इंदिरा कॉलोनी गल्ला मंडी निवासी कांता प्रजापत की है। जिन्होंने मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। कांता बताया, यह रकम बेटे-बेटी की कुछ साल होने वाली शादी के लिए बैंक में जमा की थी। आवश्यकता पर शादी तय थी। पैसे निकालने के बाद शादी रुक गई। उन्होंने साइबर क्राइम, थाना कोतवाली, हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

रावतखेड़ा में आईडी पैकेज से नाम बाहर

श्यामपुर सहरीन के रावतखेड़ा के कई ग्रामीणों की जमीन पार्वती नदी पर बनी पार्वती रेसई डेम परियोजना के डूब क्षेत्र में चली गई। ग्रामीणों को मुआवजा मिला लेकिन कई छूट गए। विजय जाटव ने बताया, उसका और उसकी छोटी बहन पप्पी बाई का नाम आईडी पैकेज में नहीं जोड़ा गया। विजय ने बताया, गांव का सर्वे पूर्व पटवारी और एसडीएम, तहसीलदार ने किया था।

शासन के निर्देश के मुताबिक डूब क्षेत्र में आने वाले 18 साल से ऊपर के सभी परिवारों को आईडी पैकेज में जोड़कर सहायता राशि और भूमि दिए गए। उसका और उसकी बहन का नाम पैकेज से बाहर कर दिया गया। विजय ने बताया, जानकारी मिलने के बाद उसने 4 अक्टूबर 2024 को एसडीएम और पटवारी को लिखित आवेदन दिया था। कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान 45 आवेदकों ने आवेदन दिए।

अवैध शराब-सट्टे के खिलाफ महिलाएं सड़कों पर उतरीं, प्रदर्शन

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर जिले के नावान गांव में अवैध शराब और सट्टे के खिलाफ मंगलवार को महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरीं और इकबाल थाने व तहसील कार्यालय का घेराव कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि गांव में चल रहे अवैध धंधों पर जल्द रोक नहीं लगी तो वे उग्र आंदोलन करेंगी।

महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर खतरा

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि गांव का माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। जगह-जगह बिक रही अवैध शराब और जुआ-सट्टा कई परिवारों को बर्बाद कर रहा है। शराबियों और सट्टेबाजों की बेलगाम हरकतों से महिलाएं और स्कूल जाने वाली बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं। उनके साथ अभद्रता और छींटाकशी की घटनाएं बढ़ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में प्रशासन का डर खत्म हो चुका है। सार्वजनिक स्थानों पर शराबियों के जमघट से महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अवैध अड्डों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ई-स्कूटी को ईको ने मारी टक्कर, 2 की मौत, 1 गंभीर

आष्टा। इंदौर-भोपाल हाईवे पर कोठरी के पास मानाखेड़ी-बोरखेड़ा रोड पर मंगलवार रात करीब 8:45 बजे ई-स्कूटी सवार तीन युवकों को ईको वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें मानाखेड़ी निवासी आयुष 28 वर्ष की मौके पर मौत हो गई।

कोठरी निवासी निखिल कासवा 28 वर्ष की भी घटनास्थल पर मौत हो गई। मानाखेड़ी निवासी दीपक 28 वर्ष गंभीर घायल हुआ। उसे सिविल अस्पताल आष्टा में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। टक्कर के बाद ईको वाहन भी पलट गया। वाहन में सवार लोग

कायाकल्प योजना के तहत किया जा रहा 91 लाख की लागत से मार्केट की सड़कों का डामरीकरण

डीआर संवाददाता-सीहोर

शहर के छावनी स्थित मार्केट में कायाकल्प योजना के अंतर्गत 91 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राशीद ने शहर के वार्ड क्रमांक 28 के गांधी रोड पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा चुके हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राशीद ने वहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से सार्क-सफाई को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान क्षेत्र के

लोगों ने बताया कि रात्रि को भी शहर में नगर पालिका के अमले के द्वारा सफाई कार्य किया जाता है।

नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि शहर के छावनी स्थित मार्केट में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अब तक करीब चार लाइन में डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना के कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर के व्यवसाय मार्केट में कोतवाली चौराहे से तहसील चौराहे, गांधी रोड, सब्जी लाइन, बड़ा बाजार, कुबेरी लाइन और लोहार गली आदि में कार्य जारी है।

भक्तों के लिए आज खुलेंगे पट 10 क्विंटल हलुवे का लगाया जाएगा भोग

डीआर संवाददाता-सीहोर

जिला मुख्यालय में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर देश-विदेश में नाम रोशन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में गत 26 अप्रैल से सावरी के साथ मंदिर परिसर में स्थित मुक्ती गंगोत्र मंदिर में लगातार पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालु आस्था के साथ बड़ासाला के दर्शन करने के साथ ही परिक्रमा कर रहे हैं। कुबेरधाम को प्राण-प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में की जाएगी और उसके पश्चात मंदिर के पट खुलेंगे और वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं का भगवान की आलौकिक और दिव्य

प्रतिमाओं के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। मंगलवार को विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, मंडित विनय मिश्रा आदि ने यज्ञ में दिव्य अनुष्ठान किया।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित महा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम पर प्रथम बार की देखते हुए श्रद्धालुओं को परेशानी और असुविधा न हो इसके लिए पंडित मिश्रा के आदेशन पर सीमित श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सावरी और सिद्धि-विनायक से प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। मंदिर को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया है, जिसके बाद पर भक्तिपूर्ण माहौल बना हुआ है। मंदिर परिसर में मंगलवार को सहस्र धारा जलाभिषेक सहित अन्य दिव्य अनुष्ठान का क्रम चलता रहा। अब बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया

सत्याग्रह बुधनी में किसान सत्याग्रह, कांग्रेस ने सरकार की नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा

आंदोलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर जिले के बुधनी में मंगलवार को किसान सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव मुजावली ने बताया कि यह सत्याग्रह भाजपा सरकार की विभिन्न विरोधी नीतियों के खिलाफ किसानों के हितों की लड़ाई है।

खाद-बीज संकट और पुलिस के लिए भटके किसान

कांग्रेस नेताओं ने आरोप

लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण किसान पूरे साल परेशान रहे। बुवाई के समय खाद और बीज की भारी कमी रही, जिससे किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ा। पुलिस की आवश्यकता होने पर किसानों को लंबी कतारों में लगना पड़ा। कई स्थानों पर किसानों को पुलिस लाठीचार्ज और अपमान का सामना भी करना पड़ा। नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने में विफल रही है।

खरीदी में देरी और पोर्टल की तकनीकी खराबी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में खाद-बीज का संकट गहराया हुआ है। किसानों की फसल खरीदी समय पर नहीं हो रही है और पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी से किसान परेशान हैं। गेहूं खरीदी में देरी और भुगतान अटकने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर

राजीव मुजावली ने कहा कि किसानों के घरों में सामाजिक कार्य और बेटियों की शादियां हैं, लेकिन खरीदी नीति में ढिलाई और भुगतान में देरी के कारण उनकी जेब खाली है। मंडियों में भारताने की कमी और पोर्टल खराबी के कारण किसान फल पाम पर उपज बेचने को मजबूर हैं।

सत्याग्रह में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, राजमुमार पटेल, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जगदीश चौहान और महेश राजपूत सहित कई नेताओं ने किसानों का समर्थन किया।

19 शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता-सीहोर

पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में किया शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद, प्राप्त 19 शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही के दिए निर्देशपुलिस अधीक्षक कार्यालय सीहोर में आज साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने आमजन की समस्याओं को सुना। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज पुलिस अधीक्षक ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं से एक-एक कर

सीधा संवाद किया एवं उनकी समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जनसुनवाई में कुल 19 शिकायतकर्ता उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं राजस्व अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख शुक्ल पक्ष 14 – 2082 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 29 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

7 को चक्काजाम, नेशनल हाईवे रोकेंगेरू पटवारी

बुधनी। किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस के आक्रोश धरना प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर निशाना साधा। पटवारी ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा आंदोलन अब सिर्फ मांगों तक सीमित नहीं रहेगा। किसानों के हक के लिए सड़क पर निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। पटवारी ने चेतावनी दी कि 7 मई को चक्काजाम किया जाएगा। एक घंटे नेशनल हाईवे पूरी तरह रोका जाएगा। सरकार ने किसानों की बात नहीं सुनी तो आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा। पटवारी ने कहा कांग्रेस का आंदोलन गांधीवादी तरीके से होगा। धरना प्रदर्शन में राजगुमार पटेल सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

पोषण दिवस पर 1188 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में मंगलवार और शुक्रवार को विशेष लगभग गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया। विभिन्न में शुरू से एक वर्ष तक के 750 बच्चों का टीकाकरण हुआ। एक वर्ष से अधिक उम्र के 292 बच्चों को भी टीके लगाए गए।

दाना-पानी अभियान में पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

रेहटी। रेहटी के शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निसर्ग संरक्षक के संदेश कार्यक्रम अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए प्लास्टिक मुक्त अभियान शुरुआत। स्वयंसेवकों ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को लेकर जागरूकता फैलाई और पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए।

दाना-पानी अभियान के तहत पक्षियों के लिए सकोरे बनाकर लगाए गए। कार्यक्रम में वी-प्रमाण पत्र परीक्षा भी आयोजित हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुनीत सुनार मालवी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

परिषद ने किया व्यासपीठ पूजन आगर-मालवा स्थानीय कमलकुंडी अचलेश्वर

सीहोर। महाकाल मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भारत विकास परिषद के सदस्यों ने चढ़ुकेश्वर व्यासपीठ का पूजन किया। इस दौरान परिषद की ओर से राजय ऋषि महाराज को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। राजय ऋषि महाराज ने परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक और सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों को निरंतर पारमार्थिक गतिविधियों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी तथा आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष जी. विनेश महावरी, सचिव डॉ. चंचल शर्मा आदि शामिल थे।

कान्हा में जंगली भैंस पुनर्स्थापन अभियान शुरू

सीहोर। मुख्यमंत्री उदीय लकड़ ने बालाघाट के मुन्नाबार क्षेत्र में जंगली भैंस पुनर्स्थापन अभियान का शुभारंभ किया। असम के काजीरंगा से लाई गई 4 जंगली भैंसों को कान्हा टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा। पहले चरण में 8 और कुल 50 भैंसों को स्थानांतरित करने का लक्ष्य है। यह अभियान प्रदेश की जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

आंदोलन

समाधान नहीं तो भोपाल में चक्काजाम सहित बड़े आंदोलन की चेतावनी

44 डिग्री की तपिश में उबल पड़ा अन्नदाता: खरीदी व्यवस्था पर सड़क जाम, अल्टीमेटम भी दिया

डीआर संवाददाता-सैरंदा

भीषण गर्मी और 44 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच मंगलवार को सैरंदा की सड़कों पर किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आया। पंचकल्याण स्वराज संगठन के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी से बाइक रैली निकालते हुए दुर्गा चौक पर बीच सड़क कुछ समय के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार और प्रशासन को सीधी चेतावनी दी। इसमें 8 हल और महिलाओं सिर किसान तपती दोपहर में जमीन पर बैठ गए और खरीदी व्यवस्था की खामियों को लेकर जमकर नारेबाजी की। यहां आयोजन गर्मी से बढ़ते पारे में दुबका रहा, वहीं अन्नदाता अपने हक की लड़ाई के लिए सड़क पर डटा रहा।

प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में व्याप्त अनियमितताएं रहीं। किसानों ने आरोप लगाया कि स्लॉट बुकिंग प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कई किसान रात्रभर मोबाइल और कंप्यूटर के सामने बैठे रहते हैं, लेकिन उन्हें स्लॉट नहीं मिल पा रहा। वहीं दूसरी ओर बिना स्लॉट खरीदी के आदेशों ने व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि सीमित खरीदी केन्द्रों, केंद्रों पर अव्यवस्था और वाहनों की भारी कमी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। प्रोटो और रीपान किसानों के साथ मेघमाल के आरोप भी सामने आए हैं। मूंग फसल को लेकर भी किसानों में गहरी नाराजगी देखने को मिली। किसानों का कहना है कि मूंग की फसल कुछ दिनों में पककर तैयार हो जाएगी। बावजूद सरकार ने अब तक समर्थन मूल्य पर खरीदी की कोई स्पष्ट घोषणा नहीं हुई है और न ही पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। दूसरी ओर किसानों के धरना प्रदर्शन के बाद किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सीरम शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गेहूं खरीदी व्यवस्था में सुधार, स्लॉट निरस्त में पारदर्शिता, वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, मूंग खरीदी की तत्काल घोषणा और सिंचाई परियोजना व मंडी निर्माण में तेजी लाने की मांग की गई। तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उपज की सभी मांगें जल शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा और संबंधित परिषद अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा।

सामने आयी उपज बेचने का संकट खड़ा हो गया है। किसान स्वराज संगठन ने मांग की कि सरकार तत्काल मूंग खरीदी की घोषणा कर पंजीयन प्रक्रिया शुरू करे, ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में गोवालपुरा क्षेत्र की गर्मदा उद्वहन सिंचाई परियोजना को तीव्र चालू करने की मांग की प्रमुखता से उठाई गई। किसानों का कहना है कि यह परियोजना शुरू होने से सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी और खेती की लागत में कमी आएगी। इसके साथ ही राना चारदीपुरा में प्रस्तावित नई कृषि उपज मंडी के निर्माण कार्य में तेजी लाने और अतिक्रमण हटाने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई।

हालांकि, किसानों ने प्रशासन की आश्वासन पर संका कम नजर आई। किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का ठोस समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भोपाल की सड़कों पर चक्काजाम सहित बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र जाट, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु बोरा, जिला अध्यक्ष गजराज सिंह ढिल बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

गेहूं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था, किसान परेशान

डीआर संवाददाता-सीहोर

आष्टा जनुविकास के गेहूं खरीदी केंद्रों पर इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। क्षेत्र में बने 25 केंद्रों में से अधिकांश में पिछले वर्ष का गेहूं भरा होने के कारण नए गेहूं की तुलाई प्रभावित हो रही है। सतत नीलाम और बारिश की आशंका के चलते केंद्र संचालक खुले में तुलाई कराने से बच रहे हैं। इससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

सर्वर डाउन, बिलिंग और तुलाई ठप

तकनीकी खामियों और सर्वर डाउन होने से खरीदी प्रक्रिया लगभग ठप हो गई है। ओटीपी आने के कारण बुधवार से सतत आनाकानी दिखाई दे रही है और आईडी लॉगिंग नहीं हो पा रही है। इससे किसानों के बिल नहीं बन पा रहे और तुलाई रुक गई है। प्रायोग केंद्र पर 70-90 ट्रालियां स्लॉट बुक होकर पहुंच रही हैं, लेकिन बिलिंग न होने से किसान चिलचिलाती धूप में खड़े रहने को मजबूर हैं।

अव्यवस्थाओं की शुरुआत पर एसडीएम निखिल सुनार ताले ने जायजा लहरीले के कई वेयरहाउसों का औचक निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे 181 पर शिकायत करेंगे। वहीं कई वेयरहाउस चालू होने और परिचालन नहीं होने से समस्या और बढ़ गई है।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह मंदिर में श्री नरसिंह चरितामृत का आयोजन

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह मंदिर में शुभ नरसिंह जयंती के पावन अवसर पर पहली बार दो दिवसीय श्री नरसिंह चरितामृत कथा और गज पंचकुल्लाक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सुबह नित्य पूजन के साथ भगवान का दूध और दही से अभिषेक किया जाएगा। कथा के दौरान ज्योतिष एवं भागवत विभु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री ने कहा कि जो भाव प्रभु पर अटूट विश्वास रखता है, भगवान उसकी हर समय रक्षा करते हैं। उन्होंने भक्त प्रह्लाद और

हिरण्यकश्यप की कथा सुनाते हुए श्रद्धा और विश्वास का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु की भक्ति के कारण भक्त प्रह्लाद पर अनेक अत्याचार हुए, लेकिन उनकी अटूट श्रद्धा के कारण भगवान ने हर पल उसकी रक्षा की। आयोजन में संत मानवदास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, बाबा प्रभारी सन्नी सरदार और यज्ञाचार्य कुमार धारा सहित कई संस्था में श्रद्धालु मौजूद रहे। सरकार सह प्रभारी मनोज दीक्षित माना ने बताया कि मंदिर परिसर में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और रामचरितमानस पाठ भी किया जा रहा है।

दल बदल राजनीति लोकतंत्र के लिए घातक: दिग्विजय सिंह

डीआर संवाददाता-सीहोर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और चुनावपंच की राजनीति पर कड़ा हमला बोला है। सीहोर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी लोकतंत्र मजबूत का दावा करने वाले सांसदों को आड़े हाथों लिया और उनकी राजनीतिक नैतिकता को लेकर बड़ी टिप्पणी की।

दिग्विजय सिंह ने विशेष रूप से उन सांसदों पर निशाना साधा जो अपनी मूल पार्टी के साथ गद्दारी कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो सांसद अपनी निष्ठा बदलकर और निजी हितों के लिए भाजपा में गए हैं, उनका समर्थन हो जाएगा। सिंह ने कहा कि जनता ऐसे अवसरवादी नेताओं को करारा जवाब देगी और लोकतंत्र की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए घातक है।

महिला आरक्षण पर केंद्र को घेरा

महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीयत कभी साफ नहीं रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस इस मुद्दे पर देश से लगातार झूठ बोला जा रहा है। सिंह ने कहा यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो परिसीमन और जनगणना जैसे बहाने क्यों बनाए जा रहे हैं। इसे भविष्य के बजाय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

यूपी चुनाव से ही लागू हो आरक्षण

दिग्विजय सिंह ने सुझाव दिया कि यदि सरकार की मंशा नेक है तो आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से ही महिला आरक्षण को लागू कर देनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायत परिसीमनों में भी आरक्षण लागू करना पूरी तरह संभव है, लेकिन सरकार केवल श्रेय लेने और समय टालने की राजनीति कर रही है। दिग्विजय द्वारा उठाए जा रहे अभियोजन लोटरस के आरोपों को हवा देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है।

सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर पिघला डामर, जिले में तापमान पहुंचा 44.5 डिग्री सेल्सियस पर

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर जिले में भीषण गर्मी और राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मंगलवार को तेज गर्मी के चलते सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर सड़क का डामर पिघलना शुरू हो गया है। प्रशासन ने राहगीरों के लिए सावधानी बरतने और सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों को निरंतर पारमार्थिक गतिविधियों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी तथा आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष जी. विनेश महावरी, सचिव डॉ. चंचल शर्मा आदि शामिल थे।

और ओआरएस कॉर्नर स्थापित कर दिए हैं।

मई 2024 के बाद अप्रैल में टूटा गर्मी का रिकॉर्ड

जिले में इस साल अप्रैल माह में ही गर्मी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले 29 मई 2024 को सीहोर शहर का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन अप्रैल के महीने में ऐसी भीषण गर्मी पहले कभी रिकॉर्ड नहीं की गई। तेज धूप के कारण दोपहर के समय शहर की अधिकांश सड़कों सुनसान नजर आ रही हैं। लोग केवल बहुत जरूरी काम होने पर ही धूप को कम्बे से ढककर घरों से बाहर निकल रहे हैं। विद्यालयों ने दिए सतत निगरानी और उपचार के निर्देश बढ़ते तापमान के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर सुनार ठेहरिया

स्वास्थ्य संस्थाओं को आने वाले मरीजों में लू के लक्षणों को तुरंत जांच करने और उचित प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। बाड़ी में मरीजों के लिए ठंडे पेयजल और छांव की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, तेज धूप में लगातार पैर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण है। जिलाधीश अतिरिक्त मंत्री की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो सकता है। कमी से समाविष्ट बीमारियों से बचने के लिए सभी संस्थाओं में पर्याप्त कराई गई है और ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।

ने अपील जारी किया है। उन्होंने जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी और उपचार के निर्देश दिए हैं।

बालिकाओं ने दी श्रद्धांजलि, आरोपियों को फांसी देने की मांग

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर ने सामूहिक दुष्कर्म और हत्या को शिकार विश्वकर्मा समाज की बेटी को मालिकाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जागरी, जोशिका, अंकिका, रितिका, जागृति और विधि विश्वकर्मा सहित अन्य मालिकाओं ने हाथों में मृतिका की तख्ती लेकर आरोपियों को फांसी देने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा और आर्थिक सहायता देने की मांग भी उठाई।

राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर संदीप परमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन छात्रा मीनाक्षी विश्वकर्मा ने किया। सर्व विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को कड़ी सजा नहीं मिली तो देशभर में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

यह मामला उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के कंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम कटौनिया का है। यहां 16 वर्षीय किशोरी के साथ आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। घटना से विश्वकर्मा समाज में भारी आक्रोश है।

समाज के प्रतिनिधि रामगोपाल गहोरिया ने निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच की मांग की। समाजसेवक कमल किशोर विश्वकर्मा ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना सभ्य समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रदर्शन में समाज के कई लोग शामिल रहे।

बैठक

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ही जिले के समग्र विकास का आधार है, कलेक्टर

जिले में स्वास्थ्य सेवाएं हों सुदृढ़, हर मरीज को मिले समुचित इलाज - कलेक्टर

डीआर संवाददाता-सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलास्वास्थ्यवार स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन बेहतर और प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि प्रत्येक बीमार व्यक्ति को समय पर और समुचित इलाज मिल सके।

कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी

गर्भवती महिला या शिशु की मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक होती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं तथा समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं की प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव धरातल पर भी स्पष्ट दिखाई देना चाहिए। उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि नवजात शिशु एवं माताओं के पोषण में किसी प्रकार की कमी न हो। इसके लिए आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कलेक्टर ने कहा कि आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निर्धारित समय से गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जांच करें तथा उनका नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करें। यदि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या या गिरावट दिखाई दे, तो तत्काल को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाया जाए।

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने पीएम अम्बो को भी सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से गांवों का भ्रमण करें और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार लाना प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ही जिले के समग्र विकास का आधार है।

कृष्णा ब्लास्टर ने रोमांचक मैच में गणेश टायर को हराया

डीआर संवाददाता-सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति में जारी क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को एक रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने गणेश टायर की टीम को सिर्फ 1 रन से हराया। कृष्णा की ओर से अंश यादव ने 51 रन और सुरेश भारती ने 50 रन की शानदार पारियां खेलीं। इन मैचों पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष दीक्ष वर्मा, आयोजनकर्ता आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीसीए के पीठिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बालेश्वरी करने पहली गणेश टायर की टीम ने 30.2 ओवर में पांच विकेट खोकर 218 रन बनाए थे। इसमें अतुल त्रिवेदी ने 26 गेंद पर 46 रन, पुष्पेश ने 27 रन, आदित्य जयवाल ने 22 रन, राज कृष्णवाड़ा ने 36 रन, सहज ने 33 रन की पारी खेली। प्रजापति ने दो विकेट और सामनी-अंशुल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ब्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | वैशाख शुक्ल पक्ष-14,2082 | विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 29 अप्रैल,2026

न्यूज गैलरी

जनसुनवाई में 175 आवेदन, 91 निराकृत

विदिशा। जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 91 का मौके पर निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बीपीएल कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, राशनपत्र शक्ति, कुटी आवंटन, समय आईडी त्रुटि और सड़क निर्माण जैसे मामले सामने आए। अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में दिव्यांग को मिली ट्राइसाइकिल

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर जनसुनवाई कार्यक्रम में दिव्यांग अशोक अहिरवार को तत्काल ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। मनेरा खेड़ा डेड वार्ड 29 निवासी अशोक पूर्व में बिजली ट्राइसाइकिल खराब होने से लंबे समय से आवागमन में असमर्थ थे। उन्होंने जनसुनवाई में नई ट्राइसाइकिल की मांग रखी। कलेक्टर ने मौके पर ही ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई और बड़ा दिवाकरजनी को मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है।

आरोपियों की सूचना पर नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। एसपी ने मुनासरराम में दर्ज अपराध में आरोपी निरंजन पुत्र लोकपाल यादव निवासी ग्राम रायपुरपुर और फरार आरोपी सुनील पुत्र भगवान सिंह कुशवाह निवासी ग्राम कुकरौली लटेरी की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए पांच-पांच हजार रुपए नगद इनाम घोषित किया गया है।

फर्नीचर व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा के निर्देश

विदिशा। नगर में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को देखते हुए नगर पालिका द्वारा फर्नीचर एवं टिम्बर व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने दुकानों व गोदामों में ज्वलनशील सामग्री का सीमित भंडारण करने तथा अग्निशमन उपकरण दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

92 कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण का प्रशिक्षण

विदिशा। कलेक्टर के निर्देशन में नल-जल योजनाओं के लीकेज सुधार, पेयजल स्रोतों के परीक्षण एवं निरीक्षण कार्य सतत रूप से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड विदिशा के आंगनवाड़ी सेक्टर केंद्र बालमखरोड़ा, टर्र एवं देव खजुरी में 92 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सुपरवाइजरों को एक्वाटेक किट

नपा की बैठक में फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य करने पर जोर, एसडीईआरएफ ने दिया लाइव डेमो

आगजनी की बढ़ती घटनाओं पर सख्ती फर्नीचर-टिम्बर व्यापारियों को दिए निर्देश

व्यापारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शैली के बाग के पास फर्नीचर की दुकान में लगी आग के दौरान बनी स्थिति ने शहर को चिंता में डाल दिया है। आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका ने फर्नीचर एवं टिम्बर व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक का उद्देश्य ज्वलनशील सामग्री के व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम सुनिश्चित करना रहा। अधिकारियों ने व्यापारियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी कि वे अपनी दुकानों और गोदामों में लकड़ी, पॉलिश, थिनर जैसे ज्वलनशील पदार्थों का अत्यधिक भंडारण न करें। आग से बचाव के लिए प्रत्येक प्रतिष्ठान में अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी उपकरण रखने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से कावर बीज जैसे ज्वलंत अग्निशमन उपकरण दुकान और गोदाम में रखने की

सलाह दी गई, ताकि सुरक्षात्मक स्थिति में ही आग पर काबू पाया जा सके। बैठक में विद्युत सुरक्षा को लेकर भी गंभीरता दिखाई गई। व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि वे वायरिंग, स्विच बोर्ड और अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों की नियमित जांच कराएं। शॉर्ट सर्किट आगजनी का प्रमुख कारण बन रहा है, इसलिए समय-समय पर

मेटेरियल जब्ती कराया गया। इस दौरान एसडीईआरएफ टीम ने फायर एक्टिंग्यूशर के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। टीम ने समझाया कि आग की प्रारंभिक अवस्था में सही प्रकार से अग्निशामक यंत्र का उपयोग बड़ी दुर्घटना टाल सकता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार की आग जैसे विद्युत, रासायनिक या तेल पदार्थों

आग से बचाव के उपकरणों की जानकारी साझा की गई।

से लगी आग के अनुसार अलग-अलग फायर एक्टिंग्यूशर के प्रयोग की जानकारी दी। बैठक में नगर पालिका के सीएमओ दुर्गेश सिंह, सिविल कन्सल्टेंट नवनीत कुमार जैन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मोहसिन जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सभी ने नगर में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रशासन और व्यापारियों के सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। नगरपालिका ने अंत में व्यापारियों से अपील की कि वे दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन कर आगजनी की घटनाओं की रोकथाम में सक्रिय सहयोग दें।

एसपी ने गठित की टीम, आज डीजीपी से मिलेंगे पूर्व विधायक, जीतू पटवारी

पुलिस की मौजूदगी में हुआ किसान का अंतिम संस्कार

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा लहान थाना क्षेत्र के ग्राम बेहलोट निवासी किसान गोविंद गुर्जर की एक दिन काले रोशनवार को ट्रेन से कटकर मौत होने के बाद बंगलाकर को पुलिस की मौजूदगी में उनके खेत में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक किसान द्वारा लगाए गए आरोपों की के लिए लटेरी एसडीओपी अभयेश सोहा के नेतृत्व में नाद टोल की समिता कर दी मालूम हो. सोमवार को किसान गोविंद गुर्जर को गोला के बाद उनके घोर जिले नहू प्रस्तरित हुए थे। मृतक किसान गोविंद गुर्जर। परिजनों का यह कथित तौर पर पूर्व विधायक शरमा मार्गव पर विदेशा के शरद और विधायक की छाया करवाने का आरोप लगा रहे है। अलग अलग वीडियो में में तुर्गर ने पूर्व विधायक पर प्रताड़न और जान से मारने की धमकी के भी आरोप लगाए हैं। इन आरोपों के

चलते जिले की राजनीति भी गरमाई हुई थी। जिसके चलते बंगलाकर को संगम होने के प्रकरण से लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते कोई अनुमान नहीं किसान का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर, सिकिंग लाहन पुलिस दिन भर मृतक के स्वजनों से बयान लेने के लिए राह में डटे रही। एसपी रसिल कावरानी ने कथित के उन्होंने किसान को कुचल और पूर्व विधायक पर लगाए नए आरोपों की जांच के लिए लटेरी एसडीओपी के नेतृत्व में टीम गठित की है, जिसमें सिविल ड्रेस, सोशलमीडिया के जानकार पुलिस और वीएमसेल के सदस्य प्रभारी को भी शामिल किया गया है। उन्हें पूर्ण जांचकर पहलू हिपोर्ट देने को कहा है। एसपी के मुताबिक इस

मामले में वीडियो की भी प्रामाणिक जांच कराई जाएगी पूर्व विधायक शंकरमार्गव ने आज फिर तीन पेज इस मामले में उन्हें फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा वे आज पुलिस महानिदेशक कार्यालय से मिलेंगे और इस प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग करेंगे ताकि असली स्थिति स्पष्ट हो सके।

जिंदा महिला को कागजों में मृत घोषित, योजनाओं का लाभ रुका

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

जिले के शमशाबाद तहसील के ग्राम कोलवा में सरकारी रिकार्ड की एक लापरवाही सामने आई है। यहां एक जीवित महिला को रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया, जिसके कारण उसे मिलने वाली सभी सामाजिक योजनाओं का लाभ बंद हो गया।

ग्राम कोलवा निवासी प्रीति बाई अपने पिता प्रेम सिंह के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं और शिकायत शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके पति का निधन हो गया था। समय आईडी में संशोधन के दौरान अधिकारियों की गलती से पति की जगह उन्हें ही मृत दर्ज कर दिया गया और सूची से नाम हटा दिया गया। प्रेस त्रुटि के चलते प्रीति बाई को विधवा सहायता राशि, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो गया है। पीड़िता ने कहा कि वह जीवित हैं, फिर भी कागजों में मृत दिखाया जाना बेहद कष्टदायक है।

प्रीति बाई के पिता प्रेम सिंह ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। वहीं अधिकारियों ने मामले की जांच कर रिकॉर्ड में सुधार का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर लापरवाही को कितनी जल्दी सुधारता है और पीड़िता को उसका हक कब तक मिल पाता है।

अंतरजातीय विवाह योजना में रिश्वत का आरोप, फाइल बढ़ाने 20 हजार मांगे

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा में अंतरजातीय विवाह योजना का लाभ लेने के लिए एक दंपत्ती से 20 हजार रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित दंपत्ती ने आदिम जाति कल्याण विभाग के एक कर्मचारी पर फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

रायसेन के बेरसी निवासी करण सुकवाह और सिरोंज की शिवानी अहिरवार ने अंतरजातीय विवाह किया था। शादी को एक साल बीत जाने के बाद भी उन्हें योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि नहीं मिल सकी। दंपत्ती का कहना है कि उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज समय पर जमा कर दिए थे, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

दंपत्ती के अनुसार विभाग के कर्मचारी ने उनकी फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 20 हजार की मांग की। उनका दावा है कि आरोपी कर्मचारी पहले ही उनसे 10 हजार ले चुका है, जिसके सबूत भी उनके पास मौजूद हैं।

मामले से परेशान दंपत्ती ने कलेक्टर से शिकायत कर न्याय दिलाने और योजना का लाभ जल्द दिलाने की मांग की है। सरकार सामाजिक एकता और जातिगत भेदभाव खत्म करने के उद्देश्य से अंतरजातीय विवाह योजना चला रही है, लेकिन ऐसे आरोप योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

दो आरोपियों को 5-5 साल का कारावास

विदिशा। मोहल्ला कोठीवाला के पीछे हुए जानलेवा हमले के मामले में सत्र न्यायाधीश शैक्ष सक्सेना ने आरोपी सूरज और अभिषेक को 5-5 वर्ष की कठोर कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई। घटना 12 जनवरी 2025 की रात 11:30 बजे की है, जब रघुवीर सिंह रघुवंशी मंदिर से घर लौट रहे थे। तभी बाइक से आए आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर नरेशखोली थाना में मामला दर्ज हुआ। न्यायालय में गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर अपराध सिद्ध हुआ

गेहूं से भरे ट्रक ने जीजा-साले को कुचला, दोनों की मौत

डीआर संवाददाता ■ लटेरी

बंगलावर की ग्राम एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए। सतुपुरगगड़ रोड स्थित कृष्णा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार गेहूं से भरे ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को बेरहमी से कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वाले महेश अहिरवार (32) और विजय अहिरवार (24) वार्ड क्रमांक 3 के निवासी थे। दोनों युवक आपस में जीजा-साले हैं। महेश की शादी महज दो साल पहले 2022 में हुई थी। उसके पीछे एक मासूम बेटा और बेटी जिसका रह गए हैं। दोनों युवक अपने निजी काम से निकले थे, तभी सिलवीपुर की ओर जा रहे गेहूं लदी ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने टोल टैक्स पर ट्रक को घेराबंदी कर जब्त कर लिया।

प्रतिभा सम्मान समारोह: साकेत शिशुरंजन स्कूल ने किया राज्य व जिला मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा लाइंस स्थित साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में राज्य एवं जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतिका रघुवंशी ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं शिवि लोधी ने जिला मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में कनक मीना ने जिला मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज अहिरवार और गगन धाकड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया।

विदिशा। कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त 49 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित

कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं

सिंह जादौन, संस्था अध्यक्ष अतुल शाह, उपाध्यक्ष प्रमोद व्यास, साकेत एजुकेशन स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कुसुम दीक्षित, प्राचार्य विनोद रंजन पाल एवं साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। समारोह का संचालन ज्योति मिलमिया ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार में उत्साह और हर्ष का माहौल रहा।

समीक्षा बैठक सभी शासकीय विद्यालयों में पुस्तकें व साइकिल वितरण होना शेष ना रहे - कलेक्टर अंशुल गुप्ता

लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में योजनाओं के असफल भुगतान की साप्ताहिक रिपोर्ट देने के निर्देश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में आज स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को पुस्तकें और साइकिल वितरण की क्रियान्वयन स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी से इस संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले के किसी भी स्कूल में पुस्तकें और साइकिल वितरण शेष न रहे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबल योजना अंतर्गत लंबित पंजीयन आवेदनों के साथ-साथ कर्मकार मंडल (बीओसीडब्ल्यूए) अंतर्गत लंबित प्रकरणों के क्रियान्वयन स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। प्रकरण लंबित न रहे जो भी आवश्यक कार्यवाही है वह समय सीमा में पूरी की जाकर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जाए।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बैठक के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत असफल भुगतान की जानकारियां भी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए हैं की असफल भुगतान किन कारणों से हुए हैं उन त्रुटियों को सुधारकर भुगतान कराया जाकर योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि शासन की जिन भी योजनाओं में हितग्राहियों को उनके बैंक खाती में राशि भेजी जाती है यदि भुगतान असफल हुआ है तो इसकी जानकारी प्रति सप्ताह उपलब्ध कराएं।

इस हेतु उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने इस बैठक में जनगणना के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एक मई से जनगणना का कार्य प्रारंभ हो रहा है।

जनगणना कार्यों में संलग्न कर्मचारियों को बिना अपर कलेक्टर की अनुमति के अवकाश नहीं दिया जाए। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि जनगणना कार्य में संलग्न कर्मचारियों को अवकाश की आवश्यकता है तो वह अपर कलेक्टर से इसकी अनुमति लें।

केसर एवेन्यू और ग्रीन वेली सील वेयर हाउसों पर भी कार्रवाई की

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में नल जल योजनाओं के लीकेज सुधार कार्य, पेयजल स्रोतों का परीक्षण, प्रशिक्षण एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कार्य सतत रूप से किया जा रहा है।

इसी क्रम में विकासखंड विदिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री की अनुपस्थिति में सहायक यंत्री श्री प्रताप सिंह सांसूर के मार्गदर्शन में विकासखंड समन्वयक श्री महेन्द्र नारायण सिंह दोगने, श्री आशीष कुमार दीक्षित, उपयंत्री श्री पुष्पेंद्र दांगी, श्री संतोष मीरवान, तकनीशियन श्री भवन, श्री प्रमोद, श्री अमित श्रीवास्तव, पीएचई श्री सुशील विश्वकर्मा, श्री नीलेश सक्सेना द्वारा आंगनवाड़ी सेक्टर केंद्र बालमखरोड़ा, टर्र, देवखजुरी में कुल 92 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं , सहायिका एवं सुपरवाइजर को एक्वाटेक के माध्यम से जल परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पेयजल का परीक्षण गतिविधि सम्पन्न की गई।।

मनोज गर्ग का निधन

विदिशा। ज्ञानदयाल गर्ग के सुपुत्र एवं मुकेश गर्ग व दलित अभिनाश दीपक गर्ग के बड़े भाई तथा विनय गर्ग (लोकमत) के पिता मनोज गर्ग का गंगलावर को निधन हो गया।

सुबह 10 बजे निज निवास किलेश्वर से मुक्तिधाम तक अंतिम यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में प्रतियों ने

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | वैशाख कृष्ण अमावस्या. 2082 | राजगढ, दिन शुक्रवार, दिनांक 03 अप्रैल 2026

न्यूज गैलरी

जिला सलाहकार समिति की बैठक 17 अप्रैल को

ब्यावरा। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा बताया गया कि जिला सलाहकार समिति की बैठक 17 अप्रैल, 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के बैठक कक्ष में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने समिति अधिकारियों, कर्मचारियों व सम्बद्धसेवी संगठन के सदस्य से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

ब्यावरा। भोपाल बायपास पर बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, तालेड़ी निवासी महेश पुत्र लालजीराम दांगी (30) बुधवार रात करीब 9:30 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान कमलारिया टोल के पास पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महेश सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। प्रारंभिक उपचार के बाद ब्यावरा ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पिता के विवाद का बदलाव बेटे पर लाठी-डंडों से हमला

ब्यावरा। सिटी थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पिता के विवाद का बदला लेने के लिए दो सगे भाइयों ने बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जगन्नाथपुर निवासी कन्हरदास पुत्र अमरसिंह यादव (40) ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसके पिता का गांव दुबा के ही राजेश सेलिया से विवाद था। इसी बात को लेकर रात करीब 9 बजे जब वह दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था, तब गांव के चौक स्थित रामदेवा मंदिर के पास आरोपी राजेश अपने भाई दीपू सेलिया के साथ दोनों भाइयों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

कलेक्टर ने नलकूप खनन स्थल पर निरीक्षण किया

राजगढ़। जिले में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं भू-जल स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. निरीश कुमार मिश्रा द्वारा नलकूप खनन कार्य स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित रहकर ड्रिलिंग प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर पाइलिंग एवं कैसिंग इंस्टॉलेशन तक की संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। उन्होंने काफी समय तक स्थल पर रुककर विशेषज्ञों एवं तकनीकी कर्मचारियों से संवाद किया तथा ड्रिलिंग कार्य में उपयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नलकूप खोदों में उपस्थित एक्विफर (जलधारक परत) एवं इंटरफेस (मिट्टी की परतों के बीच की संरचना) का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, जिससे भू-जल की उपलब्धता और संरचना को बेहतर ढंग से समझा जा सके। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से नलकूपों के माध्यम से जल पुनर्भरण (रिचार्जिंग) की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

.. इस सीजन में पहली बार तापमान 41 डिग्री के पार

मौसम तेज गर्मी से बचने के लिए लोग कर रहे है तरह-तरह के प्रयास , दो दिन बाद लू चलने के आसार

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

जिले में जब गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ना शुरू हो गया है। गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते गुरुवार को राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री दर्ज किया गया है। जो कि इस सीजन का सबसे अधिक तापमान बना है। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में सबसे अधिक गर्मी दर्ज की जा रही है। हाल ही में अप्रैल की शुरुआत में मौसम खराब होने के पलते जिलेवासियों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब अप्रैल माह के दिन जैसे-जैसे बीतते जा रहे हैं, उसी के साथ गर्मी भी लगातार तेज होना शुरू हो गई। पिछले तीन दिनों से जिले में गर्मी के काफी तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। दो दिन के भीतर जिले का तापमान 2 डिग्री तक बढ़ गया। दो-तीन दिन से जिले में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। गुरुवार को राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि 41.4 डिग्री तापमान राजगढ़ जिले में इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले जिले का तापमान 40 डिग्री तक का गया। अब आगामी दिन में और भी बढ़ोतरी होने का

गर्मी बढ़ने से सड़कों पर सन्नाटा गर्मी बढ़ने के कारण बाजारक नजर नहीं आ रहे है। दोपहर के समय सड़कों सूनी हो गई। साथ ही बाजारों में भी चहल-पहल कम हो गई है। तेज तेज गर्मी के कारण बच्चों के बीमार होने का खतरा संभावित बढ़ गया है। छोटे बच्चों को वायरल होने का डर है। गर्मी की देखते हुए नागरिकों द्वारा कूलर, पंखे एवं, पेड़-पौधों का सहारा लिया जा रहा है। मौसम के जानकारों ने इस समय गर्मी

सारंगपुर में धूप से बचने के लिए दुपट्टे का सहारा सारंगपुर सारंगपुर में सभी अब निकलने समय लेने लगी है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों की झुलसा रही है, वहीं रात का तापमान भी लगातार बढ़ने से राहत नहीं मिल पा रही। मौसम विभाग के संकेत है कि अगले दो दिनों में लू चलने की स्थिति बन सकती है। सारंगपुर में तापमान लगातार बढ़ा जा रहा है। गुरुवार 16 अप्रैल की अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। दिन में तेज धूप के साथ साथ गर्मी गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और वाहनों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। दोपहर के समय लोग घरों में रहने को मजबूर है। बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले लोगों को सबसे अधिक खेती और निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों को भी इस भीषण गर्मी मौसम विभाग ने एक बार फिर से राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में दो तीन दिनों तक तेज गर्मी की संभावना जताई है। आगामी दिनों में जिले में लू चलने की संभावना है। सावधानी बरतने की सलाह है। गर्मी बढ़ने के साथ ही विशिष्ट अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। वायरल बुखार और विषाणुजनित के मरीज आया जा रहे है। अस्पताल में पेट की गर्मी तक की स्थिति बनने लगी है। डॉक्टरों के अनुसार अचानक बढ़ी गर्मी और बदलते मौसम के कारण और बीमार हो रहे हैं। अस्पतालों में बच्चों को गर्मी से बचने और तरल पदार्थों का सेवन करने की अपील की जा रही है। दोपहर में घरों में कैद हुए लोग, सड़कों पर पसरा सन्नाटा तेज गर्मी के कारण

कमला बस ने बुजुर्ग को दो सौ मीटर तक घिसटा, मौत

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

कमला बस ने बुजुर्ग को 200 मीटर तक घिसटा, मौत

इंदौर से पुणा जा रही कमला ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने बुधवार सुबह चाकलना रोड चौराहे पर एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

मृतक की पहचान गौरीशंकर मिश्रा (50) निवासी वार्ड 16 ताजेपी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गौरीशंकर सब्जी लेकर मंडी जा रहे थे, तभी लापरवाही से चल रही बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद भी चालक ने बस नहीं रोकी, जिससे बुजुर्ग करीब 200 मीटर तक बस के साथ घिसटते रहे। के

बस जब्त कर चालक को हिरासत में लिया

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार बस रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक वाहन को तेजी से आगे ले जाकर भगा। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से इंदौर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। लोगों ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बस जब्त कर चालक हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की बात सामने आई है।

बस जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही

बस को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। तेज गति से बस चलाने पुरी तरह जिम्मेदार है। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर भारी की जांच की जा रही है और चालकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी जा

एक ही फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी, साड़ी से फंदा बनाकर एक साथ आत्महत्या की,

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

अशोकनगर जिले के ईसागढ़ तहसील में गुरुवार सुबह पति-पत्नी के शव फंदे पर लटके मिले। 25 साल के युवक और उसकी पत्नी एक ही फंदे पर साड़ी के फंदे से लटके मिले। दोनों की दो साल की एक बेटी भी है।

मृतकों की पहचान भूपेंद्र आदिवासी (25) पुत्र जगदुराम आदिवासी और उनकी पत्नी मिथी बाई आदिवासी (लगभग 22-23 वर्ष) के रूप में हुई है। वे इमलीपुरा गांव, थाना कदवाया के रहने वाले थे। दंपती ने अपने घर में एक ही साड़ी से फंदा बनाकर एक साथ आत्महत्या की।

युवक की मां ने आवाज लगाई तब देखा

घटना का खुलासा गुरुवार सुबह तब हुआ जब भूपेंद्र की मां ने घर का दरवाजा खटखटाया देखा और आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। परिजनों ने दरवाजा जोर से धकाया और अंदर जाकर देखा तो दोनों पति-पत्नी फंदे पर लटके हुए थे।

ग्रामीणों के अनुसार, दंपती मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। भूपेंद्र शराब का आदी था और नशे में कभी-कभी विवाद करता था, जबकि उसकी पत्नी मिथी बाई शांत स्वभाव की थी। ग्रामीणों ने कहा कि शायद आर्थिक तंगी और पारिवारिक संकट के कारण उन्होंने यह कदम उठाया होगा। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही कदवाया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों की मदद से दोनों शवों को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद शवों को ईसागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,

घर में चांदी के जेवर, नकदी सहित 25 हजार के सामान की चोरी की

डीआर संवाददाता ■ सुठालिया

चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान नवदुनिया

नवदुनिया न्यूज, सुठालिया: नगर के सदर बाजार में स्थित एक घर में बीती रात अज्ञात चोर ने घुसकर चांदी के जेवर सहित नगदी माल पर हाथ साफ कर दिया है। फरियादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के सदर बाजार में निवासी विशाल जैन के घर में पास की ओर से पीछे स्थित पुरानी मस्जिद के रास्ते से सड़कर कोई अज्ञात चोर बुधवार गुरुवार के दरमियान रात घर में अंदर घुसा व घर में रखी गोदरेज की अलमारी को तोड़कर करीबे करीबे किलोग दिए व उसमें रखी चांदी की तीन पायजेब चार-चार सिक्के सहित 10 से 12000 नगदी पर हाथ साफ कर दिया व चोर कमरे का दरवाजा खोलकर पीछे के रास्ते से बाहर निकल गया। सुबह जब परिजन जागे तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। नगर की शिकायत विशाल जैन द्वारा रवानीय थाने में की गई जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि नगर में एक बार फिर छूट चोरी की वारदात बढ़ने लगी है। बीते दिनों भी एक चाय की गुमटी में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर करीब हजार-बारह सौ रुपये चुरा लिए थे।

तीन नाबालिगों के साथ दुष्कर्म और धर्मांतरण, लौटी पीड़िता ने बयां की आपबीती

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर।

जिले के चिपरई थाना क्षेत्र में धर्मांतरण और दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब एक हिंदू नाबालिग लड़की दो अन्य सहेलियों के साथ दुर्गा पहनकर भोपाल से अपने घर लौटी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ब्रेन वॉश कर किया गया गुमराह

पीड़िता के अनुसार, करीब चार महीने पहले चिपरई रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात भोपाल निवासी अल्ताफ से हुई थी। शिकायत है कि अल्ताफ ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर ब्रेन वॉश किया और भोपाल ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी के साथियों, अरहान और आहत खान ने भोपाल की दो अन्य नाबालिगों को भी अपने जाल में फंसाया, उनका धर्म परिवर्तन कराया और उनके साथ गलत काम किया।

हिंदू संगठनों में आक्रोश, पुलिस ने शुरू की जांचल

मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के लोग भी थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। अशोकनगर एसडीओपी मिथिलेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, धर्मांतरण और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी फिलहाल किसी अन्य मामले में जेल में है, जबकि बाकी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

पेड़ से गिरा 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत,

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर।

ईसागढ़ तहसील के लहदपुर गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां खेर के पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 41 वर्षीय राजेश प्रजापति के रूप में हुई है।

संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, राजेश अपने घर के पास स्थित पेड़ पर सूखी लकड़ियां काट रहा था। पहले उसका बेटा पेड़ पर चढ़ा था, लेकिन राजेश ने उसे सुरक्षित नीचे उतार दिया और खुद करीब 10-12 फीट ऊपर चढ़ गया। टहनियां काटते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह सिर के बल नीचे गिर पड़ा।

अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

हादसे के बाद परिजन घायल राजेश को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण राजेश की जान चली गई।

6 लोगों को पिकअप ने कुचला, 1 की मौत, पांच घायल

डीआर संवाददाता ■ सुठालिया

सुठालिया थानान्तर्गत बस स्टैंड के पास देर शाम पिकअप वाहन ने 6 लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 घायल हैं सुठालिया का किसान हुए लोग गांव में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए सामान खरीदने सुठालिया आए थे। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया है। जबकि मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।सुठालिया में बस स्टैंड से करीब600 मीटर दूर गुरुवार देर शाम एक पिकअप वाहन एमपी 39 जी 4370 तेज हुआ था। वाहन चालक ने जैसे ही गाड़ी बस स्टाट किया वह तेज रफ्तार में आगे बढ़ गई और सामने से आ रहे 6 लोगों को कुचल दिया। हादसा होते ही इकट्ठा भय गया। सुसेटना में मौजूद पिता बालू बंजारा 65 साल निवासी किरी, राकुल पिता दौलतराम बंजारा 18 साल निवासी देहरीखेड़ा, दौलतराम पिता मांगीलाल बंजारा 39 साल निवासी देहरीखेड़ा, पवन पिता प्रभुलाल बंजारा 13 साल निवासी सुंदरपुरा, भोजन पिता रामचन्द्र बंजारा बेड़ाने

जागरूकता की पहल परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन में लाने के लिए प्रयास तेज

साथी हाथ बढ़ाना... 51 बावड़ियों में शुरू हुआ श्रमदान

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत प्रशासन द्वारा जिले के परंपरागत जल-स्रोतों के संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ सहित विभिन्न जनपद क्षेत्रों में स्थित कुल 51 बावड़ियां चिन्हित की गई हैं जहां साफ-सफाई, मरम्मत, पुताई सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

ऐसा कार्य में न केवल स्थानीय कलाकारों, आमजनों, लोकसेवकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के मैदानी में अमले सहित जागरूकजनों का सहयोग भी लिया जा रहा है। राजगढ़ जनपद में 9 बावड़ियां चिन्हित की गई हैं। कुछ बावड़ियों के कार्य पूर्ण हो चुकी हैं वहीं अन्य के कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं। खिलचीपुर की

08 बावड़ियों में ग्राम स्तर पर जनसहभागिता के साथ पुताई, श्रमदान व सफाई कार्य जारी है। इसी तरह नरसिंहगढ़ जनपद में चिन्हित 15 बावड़ियों में से 12 में कार्य प्रगति पर है एवं 03 बावड़ियों में कार्य आवश्यक नहीं पाया गया। जीरापुर जनपद में 02 बावड़ियों, सारंगपुर जनपद में 05 बावड़ियों में साफ सफाई व अन्य कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं वहीं शेष में शिथिलीकरण व सुधार कार्य जारी है।

ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे जल

इस अभियान की प्रमुख विशेषता जिले में भू-जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही भू-जल पुनर्भरण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण है। इसके साथ ही परंपरागत जल-स्रोतों को पुनर्जीवित करना भी मुख्य उद्देश्य है।

कलेक्टर डॉ. निरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंजिनियर गड़पाले ने जिले के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने क्षेत्र की बावड़ियों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा की सख्त समीक्षा लापरवाही पर नोटिस व कार्यवाही के निर्देश

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. निरीश कुमार मिश्रा द्वारा कृषि विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उप संचालक कृषि श्री श्री सलिल जैन, सभी एसएडीओ एवं मंडी सचिव उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रत्येक मंडी सचिव से लंबित शिकायतों की जानकारी ली तथा उप संचालक कृषि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि वे स्वयं शिकायतकर्ताओं से चर्चा करें एवं भावांतर भुगतान की स्थिति की व्यक्तिगत रूप से जानकारी लें, केवल एसएडीओ पर निर्भर न रहें।

लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। भावन्तर मंडी सचिव को शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए खिलचीपुर एसएडीओ को लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर एक पेशन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृषि विभाग को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों से सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान किया जाए।